



# महिला की पत्थरों से कुचलकर हत्या

- देर रात खदान में मिला रक्तरंजित शव
- जांच और आरोपी की तलाश कर रही है पुलिस

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. जिले के घुवारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम स्वारा में एक अधेड़ महिला की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है. महुआ का फल ( गुली ) बीनने गई महिला का शव देर रात खदान में रक्तरंजित अवस्था में मिला. अज्ञात बदमाशों ने महिला की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी.घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है.**

जानकारी के अनुसार शीला कुशवाहा सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे घर से महुआ बीनने के लिए निकली थीं.शाम तक जब वह वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की.काफी खोजबीन के बाद रात करीब 10 बजे उनका शव गांव के पास एक खदान में मिला.शव पर गंभीर चोटों के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था.

> मृतका के पुत्र राकेश कुशवाहा ने बताया कि दोपहर के समय उसने महुआ के पेड़ों के पास सफेद कपड़े पहने एक अज्ञात व्यक्ति को देखा था, जो टोरिया की ओर जा रहा था .उसके पीछे उनकी मां भी जाती दिखाई दी थीं .इसके बाद वह वापस नहीं लौटीं .सूचना मिलते ही घुवारा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया .पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .दो चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया .पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## ई-रिक्शा खाई में पलटा, महिला की मौत

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र में बीते दिन श्रद्धालुओं से भरस एक ओवरलोड ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गया. ईसानगर रेलवे स्टेशन से धार्मिक तीर्थस्थल की ओर जा रहे यात्रियों से भरा वाहन भेलसी के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया.**



एक दर्जन घायल, तीर्थस्थल जा रहे थे श्रद्धालु

घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस, स्थानीय ग्रामीण और राहत दल मौके पर पहुंच गए.सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है.हादसे में करीब एक दर्जन श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है. दुर्घटना में एक अधेड़ महिला की मौके पर ही मौत हो गई.पुलिस मृतका की पहचान और अन्य वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है.हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. प्राथमिक जांच में ई-रिक्शा के ओवरलोड होने और वाहन के अनियंत्रित हो जाने को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है.पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

## मनुष्य के कार्य ही उसकी दिशा तय करते हैं : आचार्य

**हरपालपुर.** नगर के नारायण आश्रम छोटी कुटी में शाम 4 बजे से 7 बजे तक चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का माहौल है. कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पं. श्री रामानुज आचार्य वृंदावन धाम ने कथा का रसपान कराया.उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य के कार्य ही उसकी दिशा तय करते है और कर्म के माध्यम से ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है. कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे है.

# पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

- एसपी से लगाई गुहार, पुलिस जांच में जुटी
- धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास का भी लगाया आरोप

> पुलिस के अनुसार, शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है .फिलहाल लगाए गए आरोप शिकायतकर्ता के हैं और जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक तथ्यों की पुष्टि हो सकेगी .पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल की जा रही है .

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. शहर के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप एक युवक लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है.**

शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी तीन बच्चों की मां है. वे 18 जून से लापता है. मामले में एक युवक पर पत्नी को अपने प्रभाव में लेकर साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है.

फरियादी ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उनकी पत्नी पिछले कुछ महीनों से एक युवक के साथ संपर्क थी. उनका आरोप है कि युवक का उनके घर आना-जाना भी था और इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं.18 जून को उनकी पत्नी अचानक घर से चली गईं, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका.शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि युवक उनकी पत्नी को अपने साथ ले गया है और उसका धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास भी कर रहा है.उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा पत्नी को सुरक्षित वापस लाने की मांग की है.

# मानसून की देरी से खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित

## किसानों ने सरकार से राहत और संसाधनों की उपलब्धता की मांग की

- महंगी खाद और बढ़ती लागत से किसानों की बढ़ी चिंता

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. बुंदेलखंड क्षेत्र में मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है.जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में खरीफ सीजन की बुवाई प्रभावित हो रही है.सोयाबीन, मूंगफली, उड़द और तिल जैसी प्रमुख फसलों की बुवाई के लिए किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं.हालांकि छतरपुर शहर से लगे कुछ गांवों में अल्प समय के लिए बारिश हुई, लेकिन जिले के अधिकांश हिस्सों में केवल तेज हवा चलने से किसानों को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी.**

बारिश के बाद निकली तेज धूप और बढ़ी उमस ने स्थिति को और मुश्किल बना दिया है.बृजपुरा, गठेवरा, सिमरिया, कदारी, पूछी और दलौन सहित कई गांवों के किसानों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार मानसून देर से पहुंच रहा है, जिससे खेत खाली पड़े हैं और बुवाई का काम शुरू नहीं हो पा रहा है.किसानों का मानना है कि यदि जल्द पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो खरीफ सीजन प्रभावित हो सकता है.



मौसम की मार के साथ-साथ खेती की बढ़ती लागत भी किसानों की परेशानी बढ़ा रही है.किसानों के अनुसार, पिछले वर्ष जो खाद 1300 से 1400 रुपये प्रति बोरी मिलती थी, उसकी कीमत अब 2100 से 2600 रुपये तक पहुंच गई है.वहीं डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ने से जुताई, बुवाई और सिंचाई का खर्च भी बढ़ गया है.इससे खेती का आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है.

> किसानों ने सरकार से राहत उपाय करने और कृषि संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है .उनका कहना है कि बढ़ती लागत के मुकाबले फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं, जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है .किसानों की उम्मीद अब आने वाले दिनों में होने वाली बारिश पर टिकी है .उनका मानना है कि समय पर अच्छी बारिश नहीं हुई तो इसका असर न केवल किसानों की आय, बल्कि पूरे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था पर पड़ेगा .

## हरपालपुर थाना परिसर में हुई समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**हरपालपुर, 24 जून.** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में थाना प्रभारी राजेश सिंह ने मोहर्रम को आपसी सद्भाव और भाई चारे के साथ मनाए जाने की अपील की. बैठक में नगर के अने गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे. बैठक में उपस्थित लोगों ने भी अपने सुझाव रखे. आपसी भाईचारे के साथ मोहर्रम मनाने की बात कही.

# चंदला में सड़कों पर दौड़ रहे मौत के पहिए

- ओवरलोड रेत ट्रैक्टरों से लोगों में दहशत

नवभारत न्यूज

**चंदला, 24 जून. चंदला क्षेत्र में रेत से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का संचालन लगातार जारी है.बुधवार सुबह एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें ओवरलोड रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर तेज रफ्तार से चलते दिखाई दे रहे हैं.**



इन वाहनों के कारण आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है और सड़क हादसों की आशंका लगातार बढ़ रही है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों की अनदेखी कर ओवरलोड वाहनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है.क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया है कि कई बार शिकायतों के बावजूद ऐसे वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है. वायरल वीडियो के बाद एक बार फिर ओवरलोड वाहनों का मुद्दा चर्चा में आ गया है.लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे वाहनों की नियमित जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके.

# राहत...दो बच्चियों का बना आधार कार्ड

- शिक्षा और योजनाओं का रास्ता हुआ फिर आसान
- जिला पंचायत सीईओ ने सौंपे बच्चियों को आधार कार्ड

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. आधार बायोमेट्रिक अपडेट के दौरान हुई तकनीकी गड़बड़ी से परेशान दो बच्चियों को राहत मिल गई.लंबे समय से आधार कार्ड निरस्त होने के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहीं दोनों बहनों के नए आधार कार्ड जारी कर दिए गए हैं. जिला प्रशासन के प्रयासों और कलेक्टर पार्थ जैसवाल की सक्रिय पहल से यह मामला सुलझ सका.**



जानकारी के अनुसार ग्राम भेलसी निवासी बालकिशन अहिरवार की पुत्रियां आरुषि और कीर्ति के आधार अपडेट के दौरान फिंगरप्रिंट की जानकारी आपस में बदल गई थी.इस तकनीकी त्रुटि के चलते यूआईडीएआई ने नियमों के तहत दोनों आधार कार्ड निरस्त कर दिए थे.आधार निरस्त होने से बच्चियों को स्कूल संबंधी कार्यों और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. समस्या को लेकर परिजन जिला स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचे, जिसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया.आवश्यक दस्तावेजों के साथ दोनों बच्चियों का पुनः आधार पंजीयन कराया गया ..जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने बच्चियों को आधार कार्ड सौंपे.

## बच्चों की प्रतिभा ने जीता सभी का दिल

सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. गहोई सेवा क्लब द्वारा राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त इंग्लिश स्कूल परिसर में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन गहोई धाम में हुआ.बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और उनकी रचनात्मक कृतियों की प्रदर्शनी ने सभी का मन मोह लिया.**

इस समर कैंप में 4 से 13 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया.समापन अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार की गई कलात्मक वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता की झलक देखने को मिली.नन्हे बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं.कार्यक्रम से पहले माचिस का टावर, पिक द ग्लास, स्मरण शक्ति, गहोई वन मिनट और कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं. मुख्य समारोह में चिल्ड्रन वेलफेयर कमेटी के सदस्य मणिकांत गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन राजेश रूसिया और जयदीप बृजपुरिया ने किया. अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए.

# डॉ. चौरसिया के नाम पर हो मेडिकल कॉलेज

## चौरसिया समाज की बैठक में शासन से की मांग

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. चौरसिया समाज द्वारा बुधवार को संस्कार वाटिका में आयोजित बैठक में छतरपुर मेडिकल कॉलेज का नाम विश्वप्रसिद्ध चिकित्सक एवं शिक्षाविद् डॉ. बीडी चौरसिया के नाम पर रखने की मांग उठाई गई . बैठक में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से इस मांग का समर्थन करते हुए शासन से मेडिकल कॉलेज का नामकरण डॉ. बीडी चौरसिया के नाम पर किए जाने का आग्रह किया.**



बैठक को संबोधित करते हुए समाज के जिलाध्यक्ष बृजेश चौरसिया 'काजू' ने कहा कि डॉ. बीडी चौरसिया ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.उनकी लिखी पुस्तकें आज भी देश-विदेश के मेडिकल छात्रों और चिकित्सकों के लिए मार्गदर्शक का कार्य कर रही हैं.उन्होंने कहा कि छतरपुर की धरती पर जन्मे इस महान शिक्षाविद् को सम्मान देने के लिए मेडिकल कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा जाना चाहिए.

बैठक में उपस्थित समाजजनों एवं चिकित्सकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. बीडी चौरसिया का चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान अतुलनीय रहा है.वक्ताओं ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी.इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे.

# संपत्ति विवाद में बेटे पर मां ने लगाए आरोप

- 3 करोड़ रुपये और मकान अपने नाम कराने का दबाव
- एसपी कार्यालय पहुंचकर जांच और कार्रवाई की मांग की

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. संपत्ति विवाद को लेकर एक वृद्ध महिला ने अपने ही बेटे पर मानसिक प्रताड़ना, धमकी और अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. बीते दिन महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और बेटे तथा उसके एक साथी के खिलाफ शिकायत देकर वैधानिक कार्रवाई की मांग की.**



### इनका कहना है

महिला का कहना है कि आरोपी पुत्र उस पर तीन करोड़ रुपये और मकान अपने नाम कराने का दबाव बना रहा है .मांग पूरी नहीं होने पर वह बड़े बेटे को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे रहा है .पीड़िता ने बताया कि उसके पति की संपत्ति का बंटवारा पहले ही हो चुका है और दोनों बेटों को उनका हिस्सा दिया जा चुका है .

महिला का आरोप है कि लंबे समय से संपत्ति में हिस्सेदारी को लेकर उसे परेशान किया जा रहा है.

पीड़िता के अनुसार, 15 जून को उसका छोटा बेटा अपने एक साथी और कुछ अन्य लोगों के साथ सागर रोड स्थित मकान पर पहुंचा था.वहां उसने किरायेदारों को मकान खाली करने की धमकी दी.घटना की जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंची तो उसके साथ गाली-गलौज की गई और अभद्र व्यवहार किया गया.

महिला ने यह भी दावा किया कि आरोपी पुत्र के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें की जा चुकी हैं.उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी बेटे और उसके साथी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा बड़े बेटे के विरुद्ध होने वाली किसी भी शिकायत पर बिना जांच कोई कदम न उठाने की मांग की है.

## हंसपुरा-चरणपादुका मार्ग 24 से 28 तक बंद रहेगा

- वैकल्पिक मार्ग से होगा आवागमन

**छतरपुर, 24 जून. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लवकुशनगर के अंतर्गत हंसपुरा से चरणपादुका मार्ग पर निर्माण कार्य प्रगति पर है.निर्माण कार्य के चलते 24 से 28 जून तक इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा.**

लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस अवधि में डुमरा तिगैला से चरणपादुका होते हुए हंसपुरा तक तथा हंसपुरा से डुमरा तिगैला तक वाहनों का आवागमन बंद रहेगा.

> **चालक करें वैकल्पिक मार्गों का उपयोग**
>
> विभाग ने आमजन एवं वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है.चंदला से छतरपुर जाने वाला ट्रैफिक बछौन-राजनगर मार्ग से संचालित किया जाएगा.वहीं छतरपुर से लवकुशनगर, चंदला, सरबई एवं गौरिहार जाने वाले वाहन गढ़ीमलहरा-महोबा से आवागमन कर सकेंगे.



# लोकतंत्र सेनानी डॉ. गोकर्ण दास जायसवाल का निधन

- राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. नगर के वरिष्ठ चिकित्सक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवक एवं लोकतंत्र सेनानी डॉ. गोकर्ण दास जायसवाल का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनके निधन की खबर से नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई.पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया.**

अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी, पत्रकार और संघ कार्यकर्ता शामिल हुए.प्रशासन की ओर से तहसीलदार रमेश कौल ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, वहीं पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी.इस दौरान अनेक गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए.डॉ. जायसवाल ने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में लंबे समय तक योगदान दिया.वर्ष 1962 में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से हजारों मरीजों का उपचार किया.वे सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे.उनके परिवार की कई पीढ़ियां चिकित्सा सेवा से जुड़ी रही हैं.

> वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके थे.वर्ष 1975 के आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने जेल यात्रा भी की थी, जिसके कारण उन्हें लोकतंत्र सेनानी के रूप में सम्मान प्राप्त था.



## होनहार युवा का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून.बिहार में आयोजित एडीसी परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले धमना गांव के एक होनहार युवा अभय अवस्थी का गृह जिले पहुंचने पर स्वागत किया गया.उनकी उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है.**क्षेत्र में प्रवेश करते ही विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया.ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया.बड़ी संख्या में लोग स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए. ग्रामीणों ने कहा कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा मिलेगी.

ज्ञापन — जनसुनवाई में उठाई अतिक्रमण हटाने, सीमांकन और सफाई अभियान चलाने की मांग

# तालाबों के संरक्षण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 24 जून. शहर के प्रमुख तालाबों और जल स्त्रोतों के संरक्षण की मांग को लेकर बीते दिन छतरपुर विकास मंच के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया. मंच के अध्यक्ष अरविंद गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने, सफाई कराने और उनके नियमित संरक्षण की मांग उठाई.**



ज्ञापन में बताया गया कि शहर के कई ऐतिहासिक और प्रमुख जल स्त्रोत अतिक्रमण, गंदगी और जलकुंभी की समस्या से प्रभावित हैं.इससे न केवल उनकी जलधारण क्षमता कम हो रही है, बल्कि भू-जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है.मंच के पदाधिकारियों ने चेताया कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में जल संकट की स्थिति और गंभीर हो सकती है.विकास मंच ने सौरा तालाब, विंध्यवासिनी तलैया, गायत्री मंदिर तालाब, किशोर सागर तालाब, प्रताप सागर तालाब, रानी तलैया, संकट मोचन राव सागर तालाब, ग्वाल मगरा तालाब, सिद्धेश्वर कुंड, राम जानकी कुंड, सिंघाड़ी नदी और बागौता तालाब सहित अन्य जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की.

> मंच के पदाधिकारियों ने तालाबों की सीमाओं का स्पष्ट चिन्हांकन कर स्थायी रूप से अतिक्रमण रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की .ज्ञापन के साथ संबंधित तालाबों की खसरा प्रतियां भी प्रशासन को सौंपी गई .पदाधिकारियों ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है और इस दिशा में प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाने चाहिए .